केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक ए/626, जवाहरलाल नेहरू मार्ग,

पटना – 800023

(वेबसाइट –www.csbc.bih.nic.in)

संदर्भः विज्ञापन संख्या–03/2019

बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में 'सिपाही चालक' पद की 98 रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की पूरक अनुशंसा सूची

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा बिहार राज्य में बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में सिपाही चालक पद की 98 रिक्तियों के विरूद्ध अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के **ज्ञापांक 01/के0च0प0(प0परि0) दिनांक 10.01.2022** को प्रकाशित की गयी थी।

2. महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा कार्यालय, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना के पत्रांक 2001 दिनांक 18.04.2022 के माध्यम से बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा में सिपाही चालक के पद पर नियुक्ति के निमित्त चयनित अभ्यर्थियों की पूरक अनुशंसा सूची की मांग की गई ।

3. अतः "बिहार पुलिस चालक संवर्ग नियमावली, 2017" के नियम 7(6) के आलोक में अभ्यर्थियों के योगदान नहीं करने के कारण विज्ञापन के अधीन रिक्त पदों पर नियुक्ति करने हेतु पूरक अनुशंसा सूची निर्गत की जा रही है । चयनित/अनुशंसित उम्मीदवारों का अनुक्रमांक निम्नवत् है :–

2110010175	2110170005	2111020805	2110180518	2110210488
2111011641	2110080274	2110230339	2110180046	2110180425

4. "नियुक्ति प्राधिकार" – "महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना के पत्रांक 4040, दिनांक 06.09.2017 से प्रेषित अधियाचना की कण्डिका 04." के अनुसार नियुक्ति पदाधिकारी **समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय, पटना** होंगे अतः नियुक्ति की कार्रवाई हेतु अनुशंसा **समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय, पटना** को प्रेषित की जा रही है ।

5. **अभ्यर्थी का "चिकित्सीय जाँच, चरित्र एवं पूर्ववृत सत्यापन" –** सिपाही चालक के पद पर नियुक्ति से पूर्व सभी चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय परीक्षण, चरित्र एवं पूर्ववृत सत्यापन नियुक्ति पदाधिकारी द्वारा यथाविहित सरकारी प्रावधान के अनुसार कराया जाएगा। प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होने एवं/अथवा अभ्यर्थियों द्वारा तथ्यों को छुपाये जाने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए अयोग्य घोषित किये जाएंगे।

6. चयनित अभ्यर्थियों को योगदान हेतु विहित अभिलेखों के साथ **समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय, पटना** के कार्यालय में दिनांक 25/05/2022 से 30/06/2022

तक व्यक्तिगत रूप से योगदान करना होगा। निर्धारित अवधि तक योगदान न करने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। योगदान एवं नियुक्ति के संबंध में अग्रेतर निर्देश एवं सूचनाएँ नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत की जाएगी ।

7. चयनित अभ्यर्थी संगत मूल प्रमाण–पत्रों/अभिलेखों यथा – शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि, वाहन चालन अनुज्ञप्ति, जाति एवं आवासीय प्रमाण–पत्र (आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए), क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए) तथा स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नातीनी होने संबंधी सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र आदि, तथा अपने वैध फोटो युक्त पहचान–पत्र (जैसे – मतदाता पहचान–पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि) के साथ भौतिक/व्यक्तिगत रूप से पहुँच कर योगदान करेंगे ।

ह0/–

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

<u>ज्ञापांक 06/के0च0प0(प0परि0)</u>

दिनांक– 18/05/2022

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक ए/626,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800023

प्रतिलिपिः–

1. **अपर मुख्य सचिव**, गृह विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ ।
2. **महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा,** गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ ।

ह0/–

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना